## एक नजर में

### स्वस्थ नारी सशक्त अभियान के अंतर्गत कल रक्तदान शिविर

**बालाघाट।** स्वस्थ नारी सशक्त अभियान के अंतर्गत 17 सितंबर 2025 को पीएम श्री पीजी कॉलेज बालाघाट में जिला स्तरीय रक्तदान शिविर आयोजित किया जा रहा है। इसमें करीब 200 यूनिट रक्त संग्रह का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। 17 सितंबर से 02 अक्टूबर तक जिले के अन्य स्थानों पर भी रक्तदान शिविर आयोजित किये जाएंगे। इस अभियान के अंतर्गत 1000 यूनिट रक्त संग्रह का लक्ष्य रखा गया है। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ.परेश उपलप ने बताया कि 17 सितम्?बर को इस अभियान का शुभारंभ प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी मध्यप्रदेश के धार जिले के ग्राम भैंसोला से करेंगे। इसी तरह जिला स्तर पर इस पखवाड़े का शुभारंभ एवं जिला स्तरीय समारोह जिला चिकित्सालय में किया जाएगा। 17 सितंबर को जिला चिकित्सालय में महिलाओं के हृदय की जांच विशेषज्ञ चिकित्सकों के द्वारा की जाएगी। अभियान के दौरान करीब 20 विशेष महिला नसबंदी कैम्प आयोजित कर महिला नसबंदी ऑपरेशन विशेषज्ञ चिकित्सकों द्वारा किये जाएंगे।

### पत्रकारगणों के सुख-दुख में साथ है सरकार मुख्यमंत्री डॉ. यादव

**बालाघाट।** सीएम डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि समाज को दिशा देने वाले पत्रकारगणों के सुख-दुख में राज्य सरकार हमेशा उनके साथ है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि जनसम्पर्क विभाग द्वारा संचालित संचार प्रतिनिधियों के लिए स्वास्थ्य एवं दुर्घटना समूह बीमा योजना में वर्तमान वित्त वर्ष 2025-26 के लिए भी पत्रकारों से गत वित्त वर्ष 2024-25 की तरह ही प्रीमियम लिया जायेगा। पिछले वर्ष से बढ़े हुए प्रीमियम की शेष राशि सरकार द्वारा वहन की जाएगी। उन्होंने कहा कि पत्रकारों के हित में इस समूह बीमा योजना का लाभ लेने के लिए आवेदन करने की अंतिम तारीख भी बढ़ाकर 27 सितंबर कर दी गई है। पहले इसकी अंतिम तिथि 22 सितंबर थी। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने मीडिया के लिए जारी संदेश में कहा कि अब हर वर्ष पत्रकारों से उनके द्वारा वित्त वर्ष 2024-25 में जो बीमा प्रीमियम दिया गया था, प्रीमियम की वही राशि ली जाएगी। पत्रकारों से गत वित्त वर्ष की भांति प्रीमियम लेने पर राज्य सरकार पर अनुमानित 4.50 करोड़ रूंपये का अतिरिक्त व्यय भार आयेगा।

**अभियान** | डॉग लवर्स को दी समझाईश, नपाध्यक्ष ने कहा- विरोध किया तो पुलिस की लेंगे मदद

# आवारा कुत्तों को पकड़ने नपा ने प्रारंभ किया अभियान

**नवभारत, बालाघाट।** आवारा कुत्तों के हिंसक प्रवृत्ति से लोगों को कांटने की घटनाओं के निरंतर बढने् को लेकर नगरपालिका में शिकायतें अधिक आ रही थी, एक वर्ष पहले जब बधियाकरण एवं वैक्सीनेशन अभियान चलाया गया था तो डॉग लवर्स ने अनर्गल आरोप नपा पर लगाते हुए इसे रूकवा दिया था पुनः शहरवासियों की मांग पर वार्डों में नगरपालिका ने आवारा कुत्तों को पकडने् तथा वैक्सीनेशन के साथ ही बधियाकरण करने का अभियान 15 सितंबर से प्रारंभ कर दिया है। इसे लेकर नपा सभागार में नगर के प्रबुधद्धजनों एवं आवारा कुत्तों की समस्या से पीड़ितों की समस्याओं को सुनने तथा अभियान के संबंध में जानकारी देने के लिये बैठक आहूत की गई थी जिसमें डॉग लवर्स भी सम्मिलित हुये। नपाध्यक्ष ने कहा कि शहरवासियों की सुरक्षा हमारी जिम्मेदारी है और किसी के जीवन को संकट में नहीं डाला जा सकता है इसलिए अभियान जारी रहेगा और नियमों के तहत कार्यवाही की जायेगी। अगर डॉग लवर्स इस कदम का विरोध करते है तो फिर प्रशासनिक सहयोग से पुलिस की मदद लेकर अभियान को जारी रखा जायेगा।

**नागरिकों की सुरक्षा जरूरी,**



**जारी रहेगा अभियान**

इस संबंध में नपाध्यक्ष भारती सुरजीतसिंह ठाकुर ने कहा कि शहर में आवारा कुत्तों की समस्या बढ़ी है और वे हिंसक प्रवृत्ति के हो गये है लोगों का सुबह और शाम को घूमने जाना बंद हो गया है जबकि बच्चें भी पैदल स्कूल जाने से डरने लगे है। 15 सितंबर से नपा द्वारा वार्ड क्रं. 11 से कुत्तों को पकडने् और वैक्सीनेशन किये जाने का अभियान प्रारंभ किया गया है। इसकी शुरूआत हुई तो डॉग लवर्स को भी सूचना दी गई जिसपर उन्होंने कुत्तों को पकडने् तथा वैक्सीनेशन किये जाने का विरोध किया। साथ ही दिल्ली में शिकायत किये जाने की बात भी कही गई। नपाध्यक्ष ने समझाईश दी कि यह अभियान नगरवासियों की सुरक्षा के लिये है लगातार कुत्तों के काटने की घटनाएं हो रही है तब भी वे नहीं माने।

इसके उपरांत आपसी संवाद के लिये सभी डॉग लवर्स को नपा कार्यालय में बुलाया गया जहां चर्चा की गई। इस बैठक में कहा गया कि डॉग लवर्स द्वारा कुत्तों को संरक्षण दिया जाता है तो डॉग लवर्स की इसमें क्या भूमिका होगी इसपर चर्चा की गई है।

### आवारा कुत्तों की समस्या और अभियान पर नपा सभागार में हुई बैठक

नगरपालिका बालाघाट द्वारा आवारा कुत्तों को पकडने् तथा सुरक्षित तरीके से उनके वैक्सीनेशन का अभियान 15 सितंबर से शुरू किया गया है, जिसके लिये स्वास्थ्य विभाग की टीम के माध्यम से 5 कर्मचारियों का दल बनाया गया है जो वार्डो में कुत्तों को पकडने् का काम जारी रखेगा। अभियान प्रारंभ होने के पहले ही दिन डॉग लवर्स ने इसका विरोध जताया और कार्यवाही में अड़ंगा डालने का प्रयास किया जिसके बाद नपाध्यक्ष भारती सुरजीतसिंह ठाकुर ने अभियान निरंतर चलता रहे इस उद्देश्य से डॉग लवर्स से चर्चा की। नपा सभागार में 15 सितंबर की दोप. डॉग लवर्स के साथ ही शहर के नागरिक एवं कुत्तों की समस्या से पीड़ित लोग भी पहुंचे। जहां सभी की बातों को सुना गया। लोगों का कहना आया कि आवारा कुत्तों की समस्या बढ़ गई है इनकी जनसंख्या नियंत्रण के लिये नपा द्वारा किये जा रहे प्रयास उचित है। लेकिन इसमें डॉग लवर्स ने आपत्ति जताई और अभियान को लेकर प्रश्नचिन्ह खड़ा किया। लगभग दो घंटे तक चली इस चर्चा में डॉग लवर्स ऐसा कोई उपाय नहीं बता पाये कि आवारा कुत्तों की समस्या को लेकर उनकी गंभीरता दिखाई दी हो जबकि नागरिकों के द्वारा नपा के अभियान का समर्थन किया गया और कुत्तों के काटने की घटनाओं का उल्लेख करते हुए नपा को इस अभियान के लिये अपेक्षित सहयोग किये जाने का भरोसा भी दिलाया।

# दोस्तों के साथ तालाब में नहाने के दौरान डूबा बालक, हुई मौत

**सोनेवानी चौकी अंतर्गत ग्राम कसंगी का मामला**

**नवभारत, बालाघाट।** बालाघाट के हट्टा थाना क्षेत्र के कसंगी में एक दर्दनाक घटना सामने आई है। दोपहर के समय दोस्तों के साथ तालाब में नहाने गए 9 वर्षीय अंकित की डूबने से मौत हो गई। अंकित दौलत अड़मे का बेटा था।

अंकित अपने तीन दोस्तों के साथ गांव के तालाब में नहाने गया था। नहाते समय वह गहरे पानी में चला गया और डूब गया। घटना से घबराए उसके दोस्त चुपचाप अपने घर लौट आए। उन्होंने किसी को घटना की जानकारी नहीं दी।



जब अंकित घर नहीं लौटा तो परिजनों ने उसकी तलाश शुरू की। परिजनों ने जब उसके दोस्तों से पूछताछ की, तब उन्होंने तालाब में डूबने की बात बताई। शाम 5 बजे परिजनों को यह जानकारी मिली। सूचना मिलते ही हट्टा पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने तालाब से अंकित का शव बरामद किया। पंचनामा कार्यवाही के बाद शव को पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल भेजा गया। हट्टा पुलिस ने मर्ग कायम कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

### यातायात नियमों का उल्लंघन करने वालों पर मंडला पुलिस का शिकंजा

मंडला नभाप्र. पुलिस मुख्यालय भोपाल के निर्देशानुसार मंडला पुलिस ने सड़क दुर्घटनाओं और उनसे होने वाली मौतों को कम करने के लिए 15 दिवसीय अभियान शुरू किया है। यह अभियान 8 से 22 सितंबर तक चलाया जा रहा है। इस दौरान, यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले वाहन चालकों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जा रही है। पुलिस अधीक्षक रजत सकलेचा के निर्देशन और अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक शिव कुमार वर्मा के मार्गदर्शन में चलाए जा रहे इस अभियान में जिले के सभी थानों द्वारा विशेष कार्रवाई की जा रही है।



### सर्व राजस्थानी समाज महिला मंडल के कार्यकारिणी का विस्तार

**बालाघाट।** बालाघाट राजस्थानी धर्म संस्कृति को संजय रखने के व सामाजिक समझ सकता एक जूता एक जूता बनाए रखने की मंशा से सर्व राजस्थानी समाज महिला मंडल के कार्यकारिणी का विस्तार किया गया शहर के में रोड स्थित निजी होटल आमंत्रण कैफे में सर्व राजस्थानी समाज महिला मंडल की बैठक आयोजित कर कार्य करने का विस्तार की घोषणा की गई।

# आक्रोश आंदोलन मोर्चा रैली का आयोजन कल

**दि बुद्धिस्ट सोसायटी आफ इंडिया का आयोजन**

**नवभारत, बालाघाट।** 17 सितंबर 2025 को भारतीय बौद्धो की संस्था के माध्यम से महाबोधी महाविहार बोधगया मुक्ति आंदोलन के द्वितीय चरण में 17 सितंबर को दि बुद्धिस्ट सोसायटी आफ इंडिया मीराताई जिला बालाघाट मध्यप्रदेश द्वारा केन्द्रीय शाखा मुंबई एवं संस्था के ट्रस्टी राष्ट्रीय कार्याध्यक्ष डा. भीमराव य.आंबेडकर साहेब बाबा साहेब के पौत्र के निर्देशानुसार संपूर्ण भारत देश में आक्रोश आंदोलन एवं रैली का आयोजन किया जा रहा है। बालाघाट मुख्यालय के डा. आंबेडकर चौक बालाघाट में दोपहर 1 बजे से यह कार्यक्रम आयोजित किया गया है। इस आंदोलन में प्रमुख रूप से 3 मांगे रखी गई है। जिसमें प्रथम महाबोधी महाविहार बोधगया बीटी एक्ट 1949 रद्द कर मुक्त



किया जाये, बोधिसत्व डा. बाबा साहेब जन्म स्थली महू जिसमें असमानता वादी ताकते अवैध रूप से कब्जा कर धम्म विरोधी नारे लगाते रहते है। उक्त स्मारक एवं विश्व प्रसिद्ध दीक्षा भूमि नागपुर जो कि दि बुद्धिस्ट सोसायटी आफ इंडिया की सम्पत्ति होने के बावजूद असमतावादियो के गोद में बैठे हुये तथाकथित समाज के ठकेदारो ने स्मारक निर्माण समिति के नाम से अवैध कब्जा किया हुआ है,असमतावादीयो का डेरा हमेशा वहां बना रहता है। अतः महू भीम जन्म भूमि व दीक्षा भूमि बोधिसत्व डा. बाबा साहेब पौत्र डा.भीमराव यशवंत राव आंबेडकर साहेब/दि बुद्धिस्ट सोसायटी आफ इंडिया को सौपकर भीम अनुयायियों को न्याय प्रदाय करें,इस आंदोलन में संस्था के सभी पदाधिकारी कार्यकर्ता समाज के धम्मबंधु व बाबा साहेब आंबेडकर जी की विचारधारा मानने वाले सामाजिक संगठन एवं अनुयायीयो से शामिल होकर तन-मन-धन से सहयोग करने की अपील संस्था के जिलाध्यक्ष एस.एल.रंगारे, प्रदेश कार्यालय सचिव राजकपूर कामडे, जिला उपाध्यक्ष खुशीयाल मेश्राम, देवानंद रंगारे, सचिव एन.के.मेश्राम कांटेक्टर, अशोक कुमार मेश्राम व संपूर्ण जिला शाखा द्वारा दी गई।

# स्व . राणा हनुमान सिंह जयंती पर किसान संगोष्ठी, स्वास्थ्य एवं पशु चिकित्सा शिविर का हुआ आयोजन

**नवभारत, बालाघाट।** स्व. राणा हनुमान सिंह की 111 वीं जयंती के अवसर पर 14 सितम्बर को कृषि विज्ञान केन्द्र बालाघाट में किसान संगोष्ठी, जन स्वास्थ्य एवं पशु स्वास्थ्य शिविर का आयोजन कृषि विज्ञान केन्द्र के वरिष्ठ वैज्ञानिक एवं प्रमुख डॉ. एस.आर. धुवारे के मार्गदर्शन में किया गया। कार्यक्रम जिला पंचायत अध्यक्ष सम्राट सिंह सरसवार, मुख्य अतिथि पूर्व विधानसभा उपाध्यक्ष एवं पूर्व विधायक लांजी-किरनापुर विधानसभा क्षेत्र सुश्री हिना लिखीराम कावरे, राणा हनुमान सिंह फाउंडेशन के विनय सिंह सरसवार, कृषि सभापति जिला पंचायत बालाघाट तामेश्वर पटले, जिला महामंत्री अनुप सिंह बैस, जिला पंचायत सदस्य श्रीमती चेतना अजय कुर्राहे, जनपद सदस्य बालाघाट भुरू पटेल, जिला राजपूत समाज के अध्यक्ष संजय कछवाहा, प्रकाश चतुरमोहता, डॉ.





उपेन्द्र तिवारी, झलेन्द्र सिंह चौहान, रंजित सिंह चैहान, कृषि महाविद्यालय के अधिष्ठाता डॉ. घनश्याम देशमुख, कृषि महाविद्यालय के सहायक प्राध्यापक डॉ. उत्तम बिसेन, डॉ. आर.के. पानसे, जिला पशु चिकित्सक डॉ. आर.एस. नगपुरे, सहायक संचालक कृषि श्री राजेश खोबरागढ़े एवं आसपास की 25 से 30 पंचायतों से आए हुए 350 से अधिक किसानों की उपस्थिति में संपन्न हुआ।

कार्यक्रम की शुरूआत में केन्द्र के वरिष्ठ वैज्ञानिक एवं प्रमुख डॉ. एस.आर. धुवारे द्वारा केन्द्र की गतिविधियां जैसे कि प्रक्षेत्र में 25 एकड़ में प्रजनक बीज उत्पादन कार्यक्रम के तहत सीधी बुवाई (डीएसआर) विधि से धान की बुवाई "सुपर सीडर" मशीन से की गई हैं जिसका रिजल्ट बहुत अच्छा देखने मिल रहा हैं। केन्द्र द्वारा किसान सारथी पोर्टल के माध्यम से 115216 किसानों को नियमित रूप से किसानों को समसामयिकी नियमित रूप से (एसएमएस) द्वारा जानकारी दी जा रही हैं।

### आरक्षक संवर्ग की सीधी भर्ती हेतु चयन परीक्षा-2025 ऑनलाइन आवेदन आज से

**बालाघाट।** मध्यप्रदेश कर्मचारी चयन मंडल द्वारा पुलिस मुख्यालय, गृह विभाग (पुलिस) के अंतर्गत पुलिस आरक्षक के 7500 पदों के लिए आरक्षक संवर्ग की सीधी भरती हेतु चयन परीक्षा-2025 का विज्ञापन 14 सितम्बर 2025 को प्रकाशित किया गया है। परीक्षा के आवेदन-पत्र 15 सितम्बर से 29 सितम्बर 2025 तक ऑनलाईन लिये जायेंगे। परीक्षा का आयोजन 30 अक्टूबर 2025 से प्रदेश के संभावित 11 शहरों- भोपाल, इंदौर, जबलपुर, खंडवा, नीमच, रीवा, रतलाम, सागर, सतना, सीधी और उज्जैन में किया जायेगा ।मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की स्वतंत्रता दिवस पर पुलिस आरक्षकों की भर्ती संबंधी घोषणा पर अमल शुरू हो गया है।

# बालाघाट के विकास हेतु जिले के जनप्रतिनिधियों को एक जुटता का परिचय देना होगा : कुकासे

**नवभारत, बालाघाट।** मध्यप्रदेश राज्य का पुराना बड़ा एवं महत्वपूर्ण जिला बालाघाट के लिये जिले के समस्त राजनीतिज्ञों को एक जुटता का परिचय देते हुये अत्यधिक विकास हेतु प्रयास करना होगा, जिला बालाघाट मुख्यालय महानगर पालिका एवं संभाग बनने की लाईन में वेटिंग में देख रहा है, मेडिकल कालेज बनते बनते चुक गया वारासिवनी अथवा लांजी को जिला बनाये जाने की जमीनी तैयारियां करते हुये मुख्यमंत्री डॉ0 मोहन यादव से इन छः माह के भीतर जिला बनाये जाने की घोषणा कराने हेतु जनप्रतिनिध्यिायों को प्रयास करना होगा, जिले में जो निर्माण कार्य चल रहे हैं उस पर जनप्रतिनिधियों का पूरा ध्यान होना चाहिये। जिन सड़कों का निर्माण हो रहा है वहाँ पर पौधा रोपण कराया जाना चाहिये बिना प्लान्टेशन के जीवन अधूरा है। बालाघाट-गोंदिया सड़क निर्माण में पर्याप्त पौधा रोपण कराया गया है या नहीं उस पौधा रोपण निर्माण कार्य के चलते ही प्रारम्भ करने की आवश्यकता होती है। उक्त बात, भारतीय रेल्वे पश्चिम मध्यरेल जोन सहित दक्षिण पूर्व मध्य रेल जोन बिलासपुर के पूर्व मेम्बर ओमप्रकाश कुकासे ने अखबार से चर्चा में कहा है उन्होंने आगे कहा 2010-12 में हमने गोंदिया रेल्वे स्टेशन पर प्लेटफार्म नं. 06 निर्माण कार्य करवाने की बात महाप्रबंधक एन.एस. कस्तुरी रंजन एवं श्री अरूणेन्द्र कुमार से कहा था जो उसी दौरान निर्माण भी हो गया जिसमें बालाघाट की ओर पहुंचने वाली टेऊनों का परिचालन प्लेट फार्म नं. 06 पर हो सके। गाड़ियां समय पर पहुंचकर कनेक्टीविटी से यात्रियों का सुविधाजनक सफर तय हो सके। जो निर्माणधीन हुये 10 वर्ष से अधिक हो चुका है। उसके बाद भी टेऊने वर्तमान समय पर आउटर पर खड़ा कर दिया जाता है। जिससे यात्रियों को असुविधा का सामना करना पड़ रहा है। जिला बालाघाट मुख्यालय के नागरिकगण गर्मी के समय पेयजल के लिये हर वार्ड के परेशानी में रहे हैं, आज भी सडके सकडी एवं छोटी-छोटी है जिसे अतिक्रमण से बचाते हुये शहर को सुन्दर बनाने की जरूरत है। बालाघाट हो या अन्य जिलों में कलेकटर्स की पदस्थापना देढ-दो वर्षो तक के लिये होती है जिन्हें मुख्यालय एवं जिले को समझने में बहुत समय लग जाता है।

कलेक्टर हो या पुलिस अधीक्षक उन्हें वर्तमान समय पर भोपाल में पदस्थ सिनियर्स ए.सी.एस. सिनियर्स ए.डी.जी. से सम्पर्क में रहकर जिला बालाघाट के विषय में सुझाव लेते रहना चाहिये बहरहाल जिला बालाघाट को महानगर पालिका, अथवा संभाग बनाने के प्रयास हेतु समस्त जन प्रतिनिधियों को पार्टी हित से ऊपर उठकर कार्य करने की जरूरत है। जिससे मेडिकल कॉलेज एवं जबलपुर-गोंदिया दोहरी रेलवे लाईन का निर्माण प्रारम्भ हो सके।

# 17 को पीजी कालेज में लगाया जायेगा रक्तदान शिविर

**आम जन से अधिक से अधिक संख्या में रक्तदान करने की अपील**

**नवभारत, बालाघाट।** सेवा पखवाड़ा की शुरुआत पर बुधवार 17 सितंबर को पीएमश्री जटाशकंर त्रिवेदी शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय बालाघाट में मेगा रक्तदान शिविर का आयोजन किया जा रहा है। इस शिविर में जिले के सभी नागरिकों से सक्रिय सहयोग प्रदान करने तथा रक्तदान कर पीड़ित मानवता की सेवा के महायज्ञ में सहभागी बनने का आग्रह किया गया है।





कलेक्टर श्री मृणाल मीना ने जिले की जनता से अपील की है कि वह 17 सितम्बर को पीजी कालेज बालाघाट में आयोजित शिविर में अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर रक्तदान कर इस महादान में अपना योगदान दें। यदि किसी का जीवन रक्तदान कर बचाया जा सकता है तो इससे बड़ी समाज सेवा और कोई नहीं हो सकती।

उन्होंने सामाजिक सरोकारों से जुड़े सभी नागरिकों खासतौर पर युवाओं से रक्तदान शिविरों में बढ़-चढ़कर हिस्सा लेने की अपील करते हुये कहा कि स्वयं रक्तदान करने के साथ-साथ वे अपने साथियों को भी रक्तदान के लिये प्रेरित करें। उल्लेखनीय है कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के जन्म दिन 17 सितंबर से राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की जयंती 2 अक्टूबर तक आयोजित किये जा रहे सेवा पखवाड़ा अभियान की जिले में शुरुआत रक्तदान शिविर से की जा रही है। 17 सितंबर के बाद जिले के विभिन्न स्थानों पर रक्तदान शिविरों का 02 अक्टूबर तक आयोजन किया जायेगा।

# चार माह से वेतन नहीं मिलने से परेशान हैं पंचायत रोजगार सहायक





**किरनापुर ।** करनापुर क्षेत्र के पंचायत रोजगार सहायक को चार माह से वेतन नहीं मिला है, जिसके चलते रोजगार सहायक को काफी आर्थिक परेशानी झेलनी पड़ रही है। ग्राम पंचायत सहित अन्य रोजगार सहायक ने बताया ग्राम पंचायत शासन की योजनाओं के क्रियांवयन करने की मुख्य कड़ी है। समय- समय पर पंचायत रोजगार सहायक से शासन की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं के क्रियांवयन के साथ अन्य विभागों के कार्यों को कराया जाता है। इसके बावजूद उन्हें अतिरिक्त वेतनमान तो दूर मूल वेतनमान ही नहीं दिया गया है। कई अपने परिवार का भरण पोषण करने में असमर्थ है। उन्होंने शासन-प्रशासन से मांग की है कि रोजगार सहायक का वेतन तत्काल कराया जाए। ग्राम पंचायत रोजगार सहायक जानकारी अनुसार शासन की ओर से सभी नियमित कर्मचारियों को वेतन भुगतान किया जा रहा है। केवल पंचायत सचिवों का वेतन ही क्यों नहीं दिया जाता। इस तरह से हो रहे परेशान।

बिना वेतन रोजगार सहायक को आर्थिक दिक्कतों का काफी सामना करना पड़ रहा है। कई रोजगार सहायक का निवास गृह ग्राम दूसरी जगह है लेकिन ड्यूटी के कारण उन्हें अपने पंचायत मुख्यालय के गांव में किराए के मकान में रहना पड;ता है। वह किराया तक नहीं चुका पाए हैं। चार माह से वेतन नहीं आया है तो घर का खर्चा चलाना भी मुश्किल हो रहा है। बच्चों के स्कूल की फीस तक नहीं दे पा रहे।

# पंचायत ने गांव में नि :शुल्क शव फ्रीजर की व्यवस्था की

## जनता को मिली शव फ्रीजर की सौगात



**किरनापुर।** बालाघाट जिले के किरनापुर ग्राम हिर्री की जनता के लिए राहत भरी खबर है। ग्राम पंचायत हिर्री के पंच के लगातार मांगो को लेकर पंचायत अधिकारीयों द्वारा पंचायत निधि से जनहित में सराहनीय पहल करते हुए आम जनता को शव फ्रीजर उपलब्ध करा दिया है। उनके इस कदम की स्थानीय जनता ने प्रशंसा कर रही है। पंचायत क्षेत्र में अक्सर यह देखने को मिलता है कि किसी के घर में देहांत हो जाने पर और बच्चों के पलायान या विदेश में होने के कारण शव का अंतिम संस्कार समय पर नहीं हो पाता। ऐसे में लोगों को शव को सुरक्षित रखने में कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है ।इसके लिए लोगों को तहसील के बाहर से आवश्यकता पड़ने पर लाया जाता है जिसका अधिक खर्चा हो जाता है,कभी ऐसा भी समय आ जाता है की समय समय पर नही मिल पाताहै जिससे आम जनमानस की इन परेशानियों को ध्यान में रखते हुए ग्राम हिर्री के पंच, सरपंच व सचिव पंचायत क्षेत्र में शव फ्रीजर की व्यवस्था कराई है। उन्होंने बताया कि ग्राम में यदि किसी परिवार में असामयिक घटना घटती है और उनके परिजन या संबंधी बाहर हैं तो अब शव को सुरक्षित रखने के लिए पंचायत की ओर से निश्शुल्क शव फ्रीजर उपलब्ध कराए जाएंगे। पंचायत की इस अनूठी पहल का के लोगों ने स्वागत करते हुए ग्राम पंचायत सरपंच विनीता पारासर,सचिव रामेश्वरी देशमुख, रोजगार सहायक बबलू मेश्राम,एवं पंच गण के इस कदम की भूरी-भूरी प्रशंसा की है ।

**हिन्दी दिवस** | राजभाषा हिंदी पखवाड़े का हुआ शुभारंभ तथा विभिन्न स्थानों पर होगा आयोजन

# पुरातत्व संग्रहालय में हिन्दी दिवस तथा संस्थान स्थापना दिवस मनाया

**नवभारत, बालाघाट।** इतिहास एवं पुरातत्व शोध संस्थान संग्रहालय बालाघाट, मेरा युवा भारत (माय भारत) (युवा कार्यक्रम एवम खेल मंत्रालय भारत सरकार) बालाघाट के संयुक्त तत्वावधान में 14 सितम्बर को दोपहर 3 बजे से सायंकाल 7 बजे तक दो चरणों में इतिहास एवं पुरातत्व शोध संस्थान संग्रहालय बालाघाट परिसर में राजभाषा हिंदी पखवाड़े तथा संस्थान के 42 वर्ष पदार्पण पर संगोष्ठी एवं काव्य गोष्ठी का समारोह पूर्वक भगवान गणेश की पाषाण प्रतिमा पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि वरिष्ठ समाजसेवी डॉ.सुभाष चंद्र गुप्ता, कार्यक्रम की अध्यक्षता साहित्यकार एवं



संग्रहाध्यक्ष डॉ.वीरेंद्र सिंह गहरवार ने की। अन्य विशेष अतिथि में डॉ.कुलदीप बिल्थरे, श्रीमती सुषमा नाविक, सी.आर.जंघेला, दिनेश नेमा थे। जिन्होंने हिन्दी वर्णमाला चार्ट का लोकार्पण किया। इस अवसर पर सभी वक्ताओं ने अपने-अपने विचार व्यक्त किए साथ ही हिंदी भाषा को राष्ट्रभाषा बनाने के लिए अपनी बात रखते हुए, हिंदी को सशक्त बनाने के लिए विचार व्यक्त किए गए विशेष रूप से यह बात सामने आई कि दिल्ली में स्थित इंडिया गेट का नाम बदलकर भारत द्वार एवं मुंबई के गेटवे ऑफ इंडिया का नाम बदलकर के भारत प्रवेश द्वार किए जाने हेतु अपनी बात रखी। उक्त अवसर पर प्रश्न मंच का भी आयोजन किया गया, जिन्हें मेरा युवा भारत बालाघाट के द्वारा मेडल प्रदान किया गया। इस अवसर पर डॉ.कविता गहरवार संस्थानाध्यक्ष, राजेन्द्र कुमार ब्रम्हे कार्यक्रम प्रभारी, सतीश भारद्वाज, ऋषभ खंडेलवाल इंजीनियर, पटले, कुमारी मेघा डहरवाल, बलिनन्दर चौहान आदि उपस्थित थे। कार्यक्रम का आभार व्यक्त एवं सफलता पूर्वक संचालन श्री राम मेरावी जनजाति युवा नेता के द्वारा किया गया।

उक्त अवसर हिन्दी प्रेमियों,गणमान्य जनों, युवाओं की संख्यात्मक भारी थी। अंत में स्व.ध्रुव सिंह बैस सहित अन्य विशेष सहयोगियोंश्री की आत्मा की शांति के लिए दो मिनिट का मौन धारण कर श्रृद्धांजली दी गई। इस अवसर पर दूरदराज से आये प्रतिभागियों ने पुरातत्व संग्रहालय परिसर भ्रमण किया।